# Punjab Kesari

Date: 04 March 10; Page: 04; Edition: Jaipur

# आईपीएल मैचों का थियेटरों में प्रदर्शन

**■ राज्य में 32 एवं जयपुर के 9 सिनेमा हाल में होगा**

जयपुर, (कासं.): क्रिकेट प्रेमी इस बार अपने निकट के थियेटरों में मैच का सीधा प्रसारण देखकर स्टेडियम में होने वाली आनन्द की अनुभूति प्राप्त कर सकेंगे। इसके लिए यूएफओ मूवीज ने देशभर में मल्टीप्लैक्स तथा एकल थियेटरों में बिना किसी विज्ञापन के उच्च डेफिनेशन फोरमेट के साथ विशाल पर्दे पर आईपीएल मैच दिखाने का इंतजाम किया है। देशभर के करीब 1700 से अधिक थियेटरों में मैचों को दिखाने के लिए वितरण अधिकार प्राप्त कंपनी क्राउन इंफोटेनमेंट के साथ गठजोड़ किया गया है। राजस्थान के 32 थियेटरों में आईपीएल का सीधा प्रसारण देखा जा सकेगा। इनमें जयपुर के 9 थियेटर शामिल हैं। यूएफओ मूवीज के सलाहकार चारूहास साटम ने बताया कि हमारी योजना थियेटर में स्टेडियम का माहौल तैयार करने की है। इसके लिए कुछ चुनिंदा थियेटरों में चीयर्स लीडर एवं बैंड का इंतजाम भी किया गया है। साथ ही कुछ स्थानों पर सेलीब्रेटीज के आने की संभावनाएं भी हैं। थियेटर के जरिए दर्शक स्टेडियम की वे सभी हलचलें देख सकेंगे जो उन्हें टीवी पर देखने को नहीं मिलती थी।

**जयपुर में यहां देख सकेंगे मैच:** सीने स्टार, एंटरटेनमेंट पैराडाइज, फनस्टार, आईनोक्स वैभव, आईनोक्स स्पेस, आईनोक्स ईपी, कोहीनूर सिनेमा, मोती महल एवं फन ट्राइटन माल।